# यूपीईएस ने किया इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकेथॉन का आयोजन

## हार्डवेयर हैकेथॉन की विजेता रही कोड कैटेलिस्ट टीम

देहरादून, 25 सितम्बर (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस की ओर से हार्डवेयर हैकथॉन (हार्ड वॉर 3.0) के ग्रैंड फिनोले का आयोजन किया गया। इस बार हार्डवेयर हैकथॉन की विजेता महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नई दिल्ली की टीम रही। हार्ड वॉर 3.0 का आयोजन मानवीय प्रतिभा को आगे बढ़ाने, और प्रतिभागियों को हार्डवेयर सॉल्यूशंस की मदद से वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करने का मंच प्रदान करना है। इस साल की थीम आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) को विभिन्न डोमेन्स के साथ एकीकृत करने पर जोर देने के साथ-साथ प्रतिभागियों को अपने कौशल एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए चुनौती देना था।




*यूपीईएस ने किया इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकेथॉन का आयोजन।*

हैकेथॉन में सभी प्रतिभागियों के लिए मुफ्त पंजीकरण था। प्रतिभागियों ने कृषि, स्वास्थ्य, होम ऑटोमेशन, इंडस्ट्री ऑटोमेशन, फायर एंड सेफ्टी, एजुकेशन, ऑटोमोबाइल ऑटोमेशन, स्मार्ट सिटी सॉल्यूशंस, तथा डिफेंस ऑटोमेशन के क्षेत्रों में पेश आने वाली समस्याओं के लिए इनोवेटिव हार्डवेयर प्रोटोटाइप्स तैयार करने में अथक परिश्रम किया।

23 सितम्बर को आयोजित हुए ग्रैंड फिनोले में पहुंची टीमों ने अपने फाइनल हार्डवेयर सॉल्यूशंस मुख्य अतिथी, जूरी पैनल तथा उत्साही दर्शकों के सामने प्रस्तुत किए। हैकेथॉन के विजेता कोड कैटेलिस्ट, महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नई दिल्ली की टीम रही। जिसने इनोवेशन फॉर होम ऑटोमेशन पर आधारित अपने हार्डवेयर सॉल्यूशंस पेश किए। विजेता रही टीम को एक लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। फर्स्ट रनरअप टीम गोस्टए-क्सवॉक्र्स, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा रही। जिसने इनोवेशन फॉर एग्रीकल्चर के लिए हार्डवेयर सॉल्यूशंस को प्रस्तुत किया और उन्हें 75 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

दूसरी रनरअप नैक्सेस, यूपीईएस देहरादून रही। जिसने इनोवेशन फॉर एग्रीकल्चर के लिए हार्डवेयर सॉल्यूशंस को प्रस्तुत किया और उन्हें 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराए और साथ ही उन्हें हार्डवेयर इनोवेशन के भविष्य के बारे में आपस में विचार-विमर्श करने का भी मौका दिया गया।

इस मौके पर कुलदीपक शर्मा, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट, अमरराजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमि[illegible] मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जूरी में प्रदीप्तो चक्रवर्ती, रीजनल डायरेक्टर, साउथ एशिया, कॉम्पटीआईए, डॉ. भूपेश सिंह भाटी, असिस्टेंट प्रोफेसर, आईआ-ईआईटी सोनीपत, डॉ. विकासथापा, मिथुन कुमार, डॉ. मुथुकुमार केए आदि मौजूद रहे।